Production of Red Sanders

240. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) the names of the States which are producing Red Sanders;

(b) how much Red Sanders was exported during 1990-91 and 1991-92 and how much revenue was earned;

(c) the names of countries to which it was exported;

(d) who was the exporting agency; and

(e) what measures are proposed to improve the production and export of Red Sanders?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Red Sanders grows mainly in Andhra Pradesh and also in Tamil Nadu and Karnataka.

(b) and (c) Information to the extent available is being compiled and will be laid on the Table of the House.

(d) exports were made mainly through private exporters.

(e) The concered States have taken up plantations of Red Sanders.

दिल्ली में वायु प्रदूषण

241. **श्री राम गोपाल यादव:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वायु-प्रदूषण की वजह से दिल्ली का पर्यावरण तेजी से बिगड़ता जा रहा है;

(ख) वायु-प्रदूषण किन कारणों से बढ़ रहा है; और

(ग) इसे रोकने के लिए सरकार क्या-क्या उपाय कर रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह: (क) और (ख) दिल्ली में सल्फर डाइआक्साइड और नाइट्रोजन के आक्साइडों का परिवेशी स्तर बढ़ता जा रहा है, लेकिन यह निर्धारित सीमाओं से काफी नीचे है। दिल्ली में वाहनों की संख्या में हुई तीव्र वृद्धि का दिल्ली में वायु प्रदूषण में सर्वाधिक योगदान है।

(ग) प्रदूषण को रोकने के लिए किये गये उपायों में निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:

(1) सड़क पर चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमावली, 1989 के तहत ठोस उत्सर्जन मानक अधिसूचित किये गये हैं और ये 1 मार्च, 1990 से लागू हो गये हैं।

(2) मोटर वाहन नियमावली, 1989 के तहत वाहनों के लिए द्रव्य उत्सर्जन मानक निर्धारित किये गये हैं। पैट्रोल से चलने वाले वाहनों के लिए मानक 1 अप्रैल, 1991 से लागू हुए और डीजल से चलने वाले वाहनों के संबंध में ये मानक 1 अप्रैल, 1992 से लागू हो गये हैं। 1995 से विनिर्मित वाहनों के लिए द्रव्य उत्सर्जन मानकों के संबंध में अधिसूचना का एक प्रारूप जारी किया गया है।

(3) परिवहन निदेशालय, दिल्ली प्रशासन ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण, स्वास्थ्य संबंधी खतरों तथा वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यविधियों का पालन करने के संबंध में एक जनजागरुकता अभियान प्रारंभ किया है।

(4) सरकार ने बैटरी से चलने वाली बसें चलाने का एक कार्यक्रम शुरू किया है, ताकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण कम से कम हो और अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में परिवेशी वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

(5) अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को निदेश दिया गया है कि वे मंजूरी संबंधी शर्तों का एक समयबद्ध आधार पर पालन करें। दोषी इकाइयों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली स्थित सभी ताप बिजली संयंत्रों ने इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर लगा लिये हैं।

(6) सल्फर की अधिक मात्रा वाले भट्टी के तेल के स्थान पर कम सल्फर हैवी स्टाक की आपूर्ति की जा रही है, जिससे उद्योगों से निकलने वाले सल्फर डाइआक्साइड की